## महत्वपूर्ण एवं खास

### एक ही परिवार के 6 लोग मिले कोरोना संक्रमित,विदेश से 1आए 2 यात्री भी पॉजिटिव पाए गए

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना के नए वेरिएंट के दहशत के बीच विदेश से आने वाले यात्रियों की लापरवाही की वजह से एक बार फिर कोरोना संक्रमण बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। वहीं यात्रियों के जांच में पॉजिटिव की संख्या बढ़ गई है। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। जानकारी के अनुसार राजनांदगांव में एक ही परिवार के 6 लोग संक्रमित पाए गए हैं। सभी लोग हाल ही में यात्रा कर लौटे है। इसके साथ ही यूएस से लौटे दो यात्री भी पॉजिटिव पाए गए हैं। कोरोना के नए वेरिएंट को ध्यान में रखते हुए विदेश से लौटे 53 यात्रियों के सैंपल भुवनेश्वर भेजे गए हैं। पॉजिटिव मिलने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग अब कांटेक्ट ट्रेसिंग और सैंपल की संख्या बढ़ाई है। दूसरी ओर कई यात्रियों ने विदेश से लौटने के बाद अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया है। स्वास्थ्य अमला उनकी ट्रेसिंग करने में जुटा हुआ है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में कोरोना की फिर से दस्तक हुई है। यहां निजी स्कूल की प्रिंसिपल संक्रमित पाई गई है। वहीं 15 साल की एक छात्रा भी पॉजिटिव पाई गई है। बता दें कि 187 बच्चों का सैंपल लिया गया था। संक्रमित की पुष्टि के बाद प्रशासन ने निजी स्कूल को बंद कर दिया है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये नगदी व सामान चोरी

**रायपुर (आरएनएस)।** सूने मकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये नगदी एवं अन्य सामान चोरी कर लेने की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुता?बिक साकेत विहार,कालोनी न्यू चंगोराभाठा रायपुर निवासी सतीश कुमार श्रीवास 34 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी 2 दिसंबर को अपने मकान में ताला बंद कर परिवार सहित दुर्ग गया हुआ था,दूसरे दिन वापस आया तब मकान का कुंडी टुटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। सभी कमरे में रखा आलमारी खुला हुआ था तथा उसके अंदर रखे सामान व नगदी 50 हजार रुपये नही था। किसी अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर नगदी रुपये एवं सामान चोरी कर लिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### तेज रफ्तार बस और पिकअप में जोरदार टक्कर,12 लोग घायल, चार की हालत गंभीर

**मुंगेली (आरएनएस)।** मुंगेली में 03 दिसंबर की देर शाम पिकअप से टक्कर के बाद यात्रियों से भरी बस पलट गई। हादसे में 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें 4 की हालत गंभीर है। हादसे के काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची तो लोगों का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने बस में आग लगा दी। मामला लोरमी थाना के साल्हेघोरी गांव का है।जानकारी के मुताबिक, यात्री बस लोरमी से डिंडोरी की ओर जा रही थी। इसी दौरान देर शाम साल्हेघोरी गांव के पास सामने से आ रही पिकअप से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 8 यात्री और पिकअप सवार 4 लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद आस-पास के लोगों की मदद से घायलों को लोरमी सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया गया है। लोगों ने बस चालक पर लापरवाही से चलाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद से ही दोनों ही गाड़ी के वाहन चालक फरार हैं।

### जवाद चक्रवात के कारण आज और कल कई ट्रेनें रद्द रहेंगी

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा आंध्रप्रदेश व उड़ीसा तट पर संभावित चक्रवाती तूफान जवाद से सुरक्षा के मद्देनजर इस मार्ग की अनेक गाडियों का परिचालन रद्द किया गया है जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने व गुजरने वाली कुछ और ट्रेनें भी रद्द की गई है। रेल मंडल रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार को कोरबा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18517 कोरबा-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस , विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18518 विशाखापट्टनम- कोरबा एक्सप्रेस एवं बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी प्रकार 05 दिसंबर को रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08528 रायपुर- विशाखापट्टनम पैसेंजर स्पेशल, दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18426 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस एवं पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18245 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# पारंपरिक व्यवसायों को बढ़ावा देने सभी विभाग मिलकर करें काम-कलेक्टर

## सभी गौठानों में मूलभूत सुविधाओं के साथ 5-5 आजीविका गतिविधियों का हो संचालन

**» कलेक्टर भीम सिंह ने आजीविका से जुड़े विभागों की ली समीक्षा बैठक**





**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लाइवलीवुड की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण आजीविका संवर्धन के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों के गोठानों में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गोठानों में कम से कम पांच गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही गोठानों में विद्युत व्यवस्था के साथ शेड का निर्माण जल्द पूर्ण किया जाए।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के अन्तर्गत गोठानों में व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए कार्य योजना निर्माण के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने निर्देश दिया कि समूह द्वारा निर्मित उत्पादों का टाईअप के माध्यम से विक्रय पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे समूह का निश्चित आय बन सके। कलेक्टर सिंह ने छाल, हिर्री, बैहामुडा जैसे विभिन्न ग्रामों में संचालित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की तथा समूह के उत्पादन व ब्रिकी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हॉटल एवं उद्योग के अलावा विभिन्न संस्थाओं में समूह का टाईअप के माध्यम से सामग्री का विक्रय किया जाए। इस दौरान उन्होंने उद्यानिकी विभाग के कार्यो की समीक्षा की। जिस पर अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा सामुदायिक बाड़ी का निर्माण किया गया है। इसके अलावा मुनगा रोपण के साथ ही गौठानों में वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। पशुपालन विभाग को गोठानों के मल्टी एक्टीविटी सेंटर में सहभागिता को विस्तार देने के निर्देश दिए। जिस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में गोठानों में मुर्गी, बकरी तथा गाय का वितरण किया गया है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने कहा कि पारम्परिक व्यवसाय को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाए। इसके लिए सभी विभाग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे प्रोडक्ट को चिन्हिंत किया जाए जिसकी मांग अधिक है। ऐसे एक्टीविटी को अन्य गोठानों में भी प्रारंभ किया जाए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने आदिवासी विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिस पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों के भूमि समतलीकरण, कुआं व डबरी निर्माण के साथ अन्य कार्य भी किए जा रहे है। जिससे उसकी आजीविका को बढ़ावा दिया जा सके।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि केसीसी निर्माण को बढ़ाया जाए। इसके साथ ही अन्य योजना एवं कार्यो के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य करें। कलेक्टर सिंह ने मछली पालन, रेशम विभाग एवं कृषि विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं को आजीविका संवर्धन के कार्यो से जोड़े। इसके पश्चात कलेक्टर सिंह ने वनधन केन्द्र की जानकारी ली। उन्होंने वन विभाग द्वारा संचालित वनधन केन्द्र के लिस्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन वनधन केन्द्र में वर्तमान में एक्टीविटी संचालित नहीं हो रही है। वहां एक्टीविटी चयन कर शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

बैठक में डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, पशुपालन विभाग आर.एच.पाण्डेय, उद्यानिकी, मत्स्य एवं लाईवलीहुड से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अन्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में धरमजयगढ़ में बच्चों का साहित्य, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित



**रायगढ़।** राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ (समग्र शिक्षा) द्वारा विकास खण्ड धरमजयगढ़ में अन्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में विकास खण्ड के चयनित संकुल केन्द्रों से आये दिव्यांग छात्र/छात्राओं के सर्वागीण विकास हेतु विकास खण्ड स्त्रोत केन्द्र में साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के होने से दिव्यांग बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला तथा विभिन्न गतिविधियां के होने से बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास करने में सहायता होती है। बच्चों के साथ-साथ उनके साथ आये हुये पालकों एवं शिक्षकों को भी इसी प्रकार से अपने-अपने स्कूल एवं घर पर भी बच्चों को सीखाया जावें। कार्यक्रम में जिला कार्यालय से प्राप्त सहायक उपकरण आवश्यकता अनुरूप दिव्यांग बच्चों को प्रदाय किया गया।

इस मौके पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एस.आर.सिदार, खण्ड समन्वयक एन.पी.बिशी, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एस.आर.सारथी, बी.आर.सी.लेखापाल आर.पी.यादव, समावेशी शिक्षा प्रभारी सत्यप्रकाश पैकरा, जतिन विश्वकर्मा, निलाम्बर राठिया, जगदीश प्रसाद साहू उपस्थित रहे।

### चक्रधरनगर स्टेडियम के पास 12 वर्षीय बालक के दुर्घटना मामले में दूसरे आरोपी की हुई गिरफ्तारी




**रायगढ़।** दिनांक 20.11.21 को थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत बोइरदादर स्टेडियम मेन रोड़ पर सदर बाजार गद्दी चौक रायगढ़ में रहने वाले 12 वर्षीय बालक लव्य मोदी पिता अमित मोदी की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो गई थी। मामले में प्रार्थी विपीन मोदी उम्र 30 वर्ष एवं गवाहों द्वारा बालक को शाम के समय सायकल से बैंडमेंटन खेलने स्टेडियम चक्रधरनगर जाते समय बोईरदादर रोड में मेन रोड पर साहू सायकल स्टोर के सामने रोड में हवा भराने के लिए खडी अज्ञात सफेद रंग की कार का चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक अचानक ड्रायवर साईड के दरवाजा को खोलने से बालक कार के दरवाजा से टकरा गया एवं सायकल सहित नीचे रोड पर गिर गया उसी समय उसके पीछे चक्रधरनगर चौक तरफ से आ रही असिस्टेंट कमांडेंट चौहान के टाटा सूमो वाहन के फुट रेस्ट से टकराने से बालक को चोंटे आई एवं उसकी मृत्यु हो गई।

घटना को लेकर मर्ग जांच से दिनांक 21/11/2021 को अज्ञात सफेद रंग के कार का चालक एवं असिस्टेंट कमांडेंट चौहान के टाटा सूमो वाहन के चालक पर थाना चक्रधरनगर में धारा 304-ए, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मेन रोड़ पर लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज चेक कर अज्ञात सफेद रंग के कार की पतासाजी कर वाहन का पता लगाया गया। वाहन क्रमांक सीजी 04-एमयू 5692 के चालक ओम प्रकाश मिश्रा पिता राजमणी मिश्रा उम्र 27 साल निवासी हरदी थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चाम्पा को गिरफ्तार कर कार की जप्ती की गई। दूसरे आरोपी की पतासाजी, जांच में घटना समय वाहन कुंजराम चौहान, सहायक सेनानी 6वीं वाहिनी छसबल द्वारा चलाये जाना पाये जाने पर आरोपी को दिनांक 03/12/2021 को गिरफ्तार कर घटनाकारित वाहन टाटा सूमो सीजी 03 5266 की जप्ती की गई है। शीघ्र मामले का चालान न्यायालय पेश किया जावेगा।

### तीन ड्रायवरों से मोबाइल और रूपये लूटपाट कर भागे तीन युवक, एक गिरफ्तार

**» आरोपी से दो मोबाइल, नकदी रकम और मोटर सायकल की जब्त**



**रायगढ़।** दिनांक 02.12.2021 की रात्रि करीब 8.30 बजे छाल रोड बाईपास चौक घरघोडा में ढाबा के सामने पैदल ढाबा खाना खाने जा रहे तीन ड्रायवरों के साथ मोटर सायकल में आये तीन युवक उन्हें डरा धमकाकर तीनों के मोबाइल और नकदी रकम 500 रूपये लूटपाट कर भाग गये थे। घटना की सूचना मिलते ही घरघोड़ा टीआई अमित सिंह द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं एसडीओपी धर्मजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा ऋद्ध अमित सिंह द्वारा घरघोड़ा थाने एवं सीमावर्ती थाना पूंजीपथरा, लैलूंगा, छाल, तमनार एवं धरमजयगढ़ को नाकेबंदी का पाइंट देकर अपने स्टाफ के साथ आरोपियों के ठिकानों में दबिश दिया गया। महज 06 घंटे के भीतर पुलिस पार्टी एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है, जिससे दो मोबाइल, नकदी रूपये एवं लूट में प्रयुक्त मोटर सायकल की जप्ती की गई है। फरार आरोपियों की सघन पतासाजी कर पुलिस टीमों द्वारा दबिश दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 02.12.2021 के रात्रि 8.30 बजे स्रष्टद्ध गोदाम घरघोडा में ड्रायवरी का काम करने वाले रामाशंकर पटेल (33 साल) अपने दो साथी ड्रायवर के साथ खाना खाने पैदल ढाबा जा रहे थे कि बाईपास गोहडीडीपा चौक महंत ढाबा के पास घरघोडा बस्ती की ओर से मोटर सायकल पर तीन लड़के आये और इन्हें डरा धमकाकर इनसे तीन मोबाइल और 500 रूपये को लूटकर भाग गये। देर रात्रि रामाशंकर पटेल थाना घरघोड़ा पहुंचकर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह को लूटपाट की जानकारी दिया। लूटपाट करने वाले घरघोड़ा के कृष्णा खाण्डे, मिथलेश खाण्डे और शातीर बदमाश बाबी सारथी के द्वारा कराने की जानकारी मिली। प्रार्थी रामाशंकर पटेल के रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध क्रमांक 390/2021 धारा 392, 34 भादवि कायम कर इलाके की नाकेबंदी कर टीआई अमित सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी द्वारा दबिश दिया गया, जिसमें महज 06 घंटे के भीतर आरोपी कृष्णा खांडे पिता पुनीराम खांडे उम्र 20 साल निवासी घरघोड़ा को पकडा गया। आरोपी ने पूछताछ में अपने दो साथी मिथलेश खाण्डे और बाबी सारथी के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया है। आरोपी के मेमोरंडम पर लूट के 02 नग मोबाईल कीमती 14,500 रूपये एवं नगदी रकम 500 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त सोल्ड मोटर सायकल बाक्सर कीमती 20,000 रूपये कुल 35,000 रूपये की मशरूका बरामदगी की गई है। फरार आरोपियों की पता तलाश में पुलिस पार्टी द्वारा दबिश दी जा रही है। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में टीआई अमित सिंह तथा सउनि चंदन सिंह नेताम, प्रआर. चितामणी कुर्रे, आरक्षक विरेन्द्र भगत का मुख्य भूमिका रही है।

### ट्रक में लोड 14 टन कबाड़ को जब्त, आरोपी भेजा गया रिमांड पर

**» अवैध कबाड़ परिवहन पर छाल पुलिस की कार्यवाही**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक प्रवीण मिंज के नेतृत्व में दिनांक 30/12/2021 को छाल पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम बांधापाली धूल चौक के पास नाकेबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 3563 को रोककर पूछताछ किया गया। ट्रक में लोहा, टीना स्क्रैप रखा हुआ था, वाहन चालक यादव से थाना प्रभारी द्वारा लोड कबाड़ के संबंध में कागजात की मांग की गई, वाहन चालक द्वारा कोई कागजात नहीं होना बताए जाने पर कबाड़ की अवैध तरीके से खरीदी-बिक्री होने के संदेह पर ट्रक मय कबाड़ जप्त किया गया। ट्रक में लोड कबाड़ का वजन कराने पर 14 टन कबाड़ कीमत 2,80,000 रुपए का पाया गया है। वाहन चालक शंकर यादव पिता स्व. लाल बिहारी यादव उम्र 32 साल निवासी मंगलिया थाना रहिका जिला मदबनी (बिहार) पर थाना छाल में धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379 आईपीएसी के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। कबाड़ कहां जाने वाला था, इस संबंध में ट्रक मालिक की पतासाजी की जा रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक प्रवीण ?मिंज, आरक्षक गोविंद बनर्जी, अशोक चौहान, हरपाल सिंह, सैनिक उदय यादव की अहम भूमिका रही है।

# सकारात्मक सोच से बदला जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का स्वरूप





**रायगढ़।** कहते हैं जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत से पहले सकारात्मक सोच, मजबूत इच्छाशक्ति, संकल्प, नवीन दृष्टिकोण व बौद्धिक संतुलन की आवश्यकता होती है, जिनके बल पर विपरीत हालातों में भी अपनी सकारात्मक सोच व प्रयासों द्वारा इच्छित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। ऐसी ही सकारात्मक सोच, इच्छाशक्ति, मेहनत और कुछ बेहतर करने के जज्बे का परिणाम जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ का वर्तमान व्यवस्थित सुसज्जित कार्यालय प्रांगण है, जहां आज से कुछ माह पूर्व एक पुराना भवन, झाड़ियों से भरा एक बेतरतीब अव्यवस्थित गड्ढे नुमा परिसर था।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय व प्रांगण का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है, उस शासकीय भवन को कुछ वर्षों पूर्व वस्तुतः दिव्यांग बच्चों हेतु जिला रिसोर्स सेंटर के रूप में निर्मित किया गया था, जो शिक्षा विभाग का ही शासकीय भवन था। तात्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ द्वारा जिला पंचायत कार्यालय के बगल में ही दिव्यांग बच्चे हेतु एक जतन केन्द्र खोले जाने से शिक्षा विभाग के ही उक्त भवन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का कार्यालय लगना प्रारंभ हुआ था। उक्त भवन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कुछ माह पूर्व स्थानांतरित होने की सबसे बड़ी वजह यह थी कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय इसके पहले कलेक्टोरेट परिसर में सर्व शिक्षा अभियान के प्रथम तल में एक हाल में संचालित हो रहा था। चूंकि शिक्षा विभाग में कई खंड व प्रभाग स्थानाभाव के कारण अन्य स्थानों पर संचालित हो रहे थे जिससे प्रशासनिक कार्यों के समन्वय में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसी स्थिति में जिला शिक्षा विभाग को अपने व्यवस्थित कार्यालय की नितांत आवश्यकता महसूस हो रही थी। चूंकि उक्त भवन शिक्षा विभाग का ही भवन था, ऐसे में कलेक्टर भीम सिंह व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के प्रयासों से उक्त भवन में संचालित हो रहे पीएमजीएसवाई कार्यालय के अन्यत्र स्थानांतरित होने के पश्चात, उक्त शासकीय भवन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ स्थानांतरित हुआ।

उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा कार्यालय जब यहां स्थानांतरित हुआ उस वक्त उक्त भवन व सम्मुख प्रांगण, उबड़ खाबड़ सतह, गड्ढों व झाड़ियों से अटा पड़ा था। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य ने अपनी सकारात्मक नई सोच, इच्छाशक्ति, संकल्प व स्वयं के निजी प्रयास व सहयोग से एक सुसज्जित व व्यवस्थित कार्यालय प्रांगण में तब्दील कर दिया। विदित हो कि नई जगह पर डीईओ आर.पी.आदित्य द्वारा कलेक्टर भीम सिंह से चर्चा उपरांत लगातार यह प्रयास किया जाता रहा था कि कार्यालय को किस प्रकार नया आकर्षक स्वरूप दिया जाए। डीईओ आदित्य ने कार्यालय परिसर के चारों ओर व्यवस्थित सीमा रेखा निर्मित करते हुए प्रांगण में व्यवस्थित सायकल स्टैंड, फूलों, गमलों व क्यारियों से सुसज्जित गार्डन विकसित कर, बैडमिंटन कोर्ट निर्मित किया व प्रांगण को एक व्यवस्थित स्वरूप देकर उक्त कार्यालय स्थल का कायाकल्प कर दिया।

**कलेक्टर भीम सिंह व तत्कालीन सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने किया था यहां पौध रोपण-** डीईओ के आमंत्रण पर नए कार्यालय के भ्रमण पर पहुंचे कलेक्टर भीम सिंह व तत्कालीन सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ सुश्री ऋचा प्रकाश ने अल्प समय मे किए गए डीईओ के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की थी और कार्यालय प्रांगण में अपने हाथों से गुलमोहर के और डीईओ आदित्य व डीएमसी देवांगन ने क्रिसमस ट्री का पौधा रोपित किया। कलेक्टर भीम सिंह ने कार्यालय के समस्त स्टाफ से इस आकर्षक परिवर्तन की चर्चा भी की। डीईओ कार्यालय प्रांगण में हुए वृक्षारोपण के दौरान कलेक्टर भीम सिंह के साथ सीईओ जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, डीईओ आर.पी.आदित्य, डीएमसी रमेश देवांगन, सहायक संचालक शिक्षा के.के. स्वर्णकार, श्रीमती दीप्ती अग्रवाल, सुश्री तरसेला एक्का, साक्षरता मिशन के डी.के.वर्मा सहित डीईओ कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

**वर्तमान सीईओ डॉ रवि मित्तल ने किया बैडमिंटन कोर्ट का शुभारंभ-** शिक्षा विभाग के इस नए कार्यालय में भ्रमण पर पहुंचे वर्तमान सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ डॉ.रवि मित्तल ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ में निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का 3 दिसम्बर 2021 को शुभारंभ किया। कार्यालय प्रांगण की खूबसूरती और चाक चौबंद व्यवस्था को देखकर उन्होंने इच्छा व्यक्त करते हुए कि जिला शिक्षा कार्यालय प्रांगण में निर्मित इस बैडमिंटन कोर्ट पर भविष्य में विभागीय कर्मचारियों की खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की जानी चाहिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480